दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वाधान में आयोजित हुआ महिला सशतिकरण कार्यक्रम

स्वाभिमान जैसे वार्षिक अभियान को आयोजित करके इसे प्राप्त करने का प्रयास करता है

तेजयुग न्यूज

बरेली : दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संतुलन समग्र महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को पहचानता है। स्वाभिमान जैसे वार्षिक अभियान को आयोजित करके इसे प्राप्त करने का प्रयास करता है, जो न केवल संवेदना को उत्पन्न करता है, बल्कि नारी शक्ति का उत्सव भी मनाता है।

इस अभियान के तहत, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विवि के साथ मिलकर बरेली शाखा ने महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड विवि के एमबीए ऑडिटोरियम में एक जागरूकता पैदा करने वाला कार्यक्रम आयोजित किया। एक माह चलने वाला यह अभियान, महिलाओं को संपूर्ण रूप से सशक्त बनाने के अपने उद्देश्य के साथ, एक आदर्श महिला के बारे में सामाजिक मान्यताओं का खंडन करता है। और इसके साथ महिलाओं की खोई हुई गरिमा और उनके द्वारा दिए गए महान योगदानों पर चर्चा भी करता है। इस वर्ष इसका लक्ष्य एक महिला द्वारा अपने जीवन के चुनौतीपूर्ण रास्तों को समाज के समक्ष लाना है और समाज की मानसिकता में बदलाव लाने में

उत्प्रेरक की भूमिका निभाना है। कैसे प्राचीन नारी आध्यात्मिक मार्ग के माध्यम से विजयीशील रही और कौन से गुण ऐसी प्रतिष्ठित महिला का निर्माण करते हैं। यह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति के.पी. सिंह, महिला समन्वयक प्रो. संतोष अरोड़ा, प्रो. इंदरप्रीत कौर, बरेली कॉलेज शिक्षा विभाग प्रो. दीप्ति जौहरी, वेदांत हॉस्पिटल से पैथोलॉजिस्ट हेमपंत, महिला आयोग से डिप्टी डायरेक्टर नीता अहिरवार, डॉ. प्रिया सक्सेना, डॉ प्रतिभा सागर, प्रो. तृप्ति खरे, प्रो. रश्मि अग्रवाल, प्रो. नलिनी श्रीवास्तव, प्रो. सुधीर कुमार वर्मा, प्रो. ए.के सिंह, प्रो. पी.वी सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सर्व श्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी रुचिका भारती ने बताया कि आज महिलाएं बाहरी रूप से चाहे कितनी भी सशक्त क्यों न हो गई हो लेकिन आध्यात्म को जीवन में उतरे बिना पूर्ण रूप से सशक्तिकरण हो ही नहीं सकता। अभियान के संस्थापक व संचालक दिव्य गुरु सर्व श्री आशुतोष महाराज जी द्वारा 21वीं सदी की वैदिक नारीयों का निर्माण करने और आज की महिलाओं को यह एहसास कराने के लिए दी गई विचारधारा है कि शक्ति उनके भीतर ही विद्यमान है। बस इसे जागृत करने की आवश्यकता है, जिसे आत्म जागृति ब्रह्मज्ञान के माध्यम से प्राप्त भी किया जा सकता है। झाँसी की रानी, मीरा इत्यादि प्रतिष्ठित महिलाओं की बायोपिक्स का वर्णन। जिन्हें क्षेत्रीय नृत्य रूपों के माध्यम से अपनी खुद की रानी बनाई। प्राचीन काल में वैदिक महिलाओं के मतभेदों को चित्रित करने वाले डिजिटल यात्रा वृतांत की स्क्रीनिंग और अब इस विचार का वर्णन करने हेतु कुछ अन्य उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है।

यह अभियान हर साल गति पकड़ते जा रहा है, जिसका लक्ष्य 'महिला सशक्तिकरण' शब्द को फिर से परिभाषित करना और समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचना है। बरेली के कार्यक्रम में 200 लाभार्थियों की भागीदारी देखी गई। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान एक अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी सामाजिक-आध्यात्मिक संगठन है जो मनुष्य में जागृति के माध्यम से वैश्विक शांति के अपने उद्देश्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विश्व में शांति और सद्भावना स्थापित करने के अपने मिशन में, संगठन समग्र कल्याण जैसे गरीबों की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, नशा उन्मूलन, कैदियों के सुधार और पुनर्वास, प्रकृति संरक्षण और विकलांगों के सशक्तिकरण जैसे विविध सामाजिक क्षेत्रों में लगातार काम करने का प्रयास करता है।

बिरजूगढ़ी एक युवक को गोली मारकर घायल करने के मामला

भाकियू के कार्यकर्ता एसएसपी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

तेजयुग न्यूज

मथुरा। नौहझील थाने के बिरजूगढ़ी में पिछले दिनों एक युवक को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस विवेचना से असंतुष्ट परिजनों के साथ भारतीय किसान यूनियन टिकैत के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एसएसपी कार्यालय घेर लिया। एसपी सिटी के समझाने बुझाने के बाद मामला शांत हो सका।

ग्रामीणों का मानना है कि घटना की सीबीआई जांच कराई जाए और विवेचना किसी अन्य अधिकारी से कराई जाए। बताया गया है कि पिछले दिनों बिरजूगढ़ी में रहने वाले सतेंद्र कुमार पुत्र समय सिंह को ससुरालीजनों ने षड़यंत्र कर गोलीमार कर घायल कर दिया था। जिसका उपचार सैनिक अस्पताल में चल रहा है और वहां उसकी दशा गंभीर है। आरोप है कि सतेंद्र को घर में बंद करके मारपीट की गई जब वह इससे बचने को घर से निकलने को भागा तो उसे रास्ते में गिराकर गोली मार दी। आरोपी घायल अवस्था में सतेंद्र को गाड़ी में डालकर अज्ञात स्थान में ले जाना चाहते थे लेकिन शोर मचने पर यह लोग मौके से भाग

खड़े हुए। इस घटना की तहरीर नौहझील थाने में दी गई और पुलिस ने

▶▶ एसपी सिटी डा. अरविन्द कुमार समझाते एवं कार्रवाई का आश्वासन देते हुए

मौके पर पहुंचकर घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे सील कर लिए। परिजनों का आरोप है कि पुलिस और आरोपी मिलकर सीसीटीवी कैमरों से छेड़छाड़कर सबूत नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। एसएसपी को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि फौजी के साथ गंभीर घटना के नामजद गांव में घूम रहे हैं और राजीनामा के लिए दबाव बना रहे हैं। भाकियू नेताओं का कहना था कि उपनिरीक्षक दूसरे पक्ष के लोगों से मिल गया है इस कारण इसे खुदकुशी बताया जा रहा है। पुलिस का अब तक का कहना है कि सतेंद्र ने स्वयं अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से स्वयं को गोली मारी है। एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने आक्रोशित परिवार और किसानों को समझाया कि वह शीघ्र ही इस मामले की निष्पक्ष जांचकराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में समय सिंह, लाखन सिंह, होशियार सिंह, अवधेश राणा, सत्यपाल सिंह, दलवीर सिंह, रनवीर सिंह, प्रेमा पाल, शैलेंद्र सिंह, शेरा जाट आदि मौजूद थे।

गौ सेवा संवर्धन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

जीव संरक्षक अपूर्वा त्रिपाठी और एपिक फाउंडेशन द्वारा आयोजित हुआ शिविर

तेजयुग न्यूज

मथुरा : उत्तर प्रदेश की जानी मानी सामाजिक कार्यकर्ता एवं अग्रणी जीव संरक्षक अपूर्वा त्रिपाठी की अध्यक्षता में एपिक फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक दिवसीय गौ सेवा संवर्धन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी शिविर का आयोजन मथुरा वृंदावन मार्ग स्थित भारत रत्न मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित हासानंद गौशाला में कराया गया। हासानंद गौशाला के आसपास के गांव वालों को गऊ पालन के संबंध में विभिन्न जानकारी एवं संस्था द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं से अवगत कराया गया। जिसमें गोबर से बनने वाले अनेक उत्पाद एवं प्राकृतिक खाद आदि शामिल थे।

पशु चिकित्सा इत्यादि की जानकारी मिलने से स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें इस प्रकार के शिविर का विशेष लाभ प्राप्त हुआ है एवं पशु के स्वास्थ आहार एवं चिकित्सा के संबंध में संस्था द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारियां एवं सेवाएं विशेष रूप से लाभकारी प्रतीत हुई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन यदि होता है तो उन्हें पशु संवर्धन के विषय में अनेक जानकारियां एवं संस्था द्वारा उपलब्ध कराई जा रही अनेक सेवाओं का लाभ मिलने से उनके जीवन में अनेक कठिनाइयों का निवारण संभव हो सकेगा। संस्था के सदस्यों द्वारा संवेदनशील रूप से लोगों की समस्याओं का निवारण किया जाना विशेष रूप से सराहा गया विशिष्ट अतिथियों में संस्था के अन्य सदस्य ने भी सक्रिय भूमिका निभाई एवं भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों को पुनः आयोजन का आश्वासन दिया गया।

बसपा से लोकसभा चुनाव लड़ने की किया दावेदारी

अयोध्या : सोहावल तहसील क्षेत्र के कुंदुर्खा खुर्द निवासी पेशे से वकील सीताराम निषाद ने फैजाबाद 54 लोकसभा क्षेत्र से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की दावेदारी किया है। बताते चलें कुंदुर्खा खुर्द निवासी एडवोकेट सीताराम ने निषाद का कहना कि सोहावल बार एशोसिएशन का पूर्ण समर्थन प्राप्त है। आशय का पत्र रुदौली विधानसभा क्षेत्र के अक्खतियार पुर में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जिलाध्यक्ष व मण्डल अध्यक्ष तथा बसपा के रुदौली प्रत्याशी गयाशंकर निषाद एडवोकेट को दे दिया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में घर से महिला लापता

अयोध्या : जनपद के रौनाही थाना क्षेत्र के कुंदुर्खाखुर्द निवासी 45 वर्षीय मंजु सिंह पत्नी मनोज सिंह का घर से लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस गुमसुदगी दर्ज कर छानबीन मे जुटी हुई है। शिकायत कर्ता पीडित पति मनोज सिंह का आरोप है कि सोमवार की सुबह लगभग तीन बजे एक गांव के यादव के साथ दवा लेने कानपुर गया हुआ था। देर शाम करीब आठ बजे घर पहुंचने पर मेन गेट खुला तथा कमरे का सामान बिखरा तथा हाथ की चूड़ियाँ चश्मा टूटा पाया। घटना की सूचना पर दल बल के साथ पहुंचे थाना प्रभारी पंकज सिंह ने लगे सीसीटीवी कैमरो की जांच प्रक्रिया शुरू किया है।

अन्नदाता-पशुपालक देश के विकास का आधार : ससेना

सैकडों किसानों ने किया प्रतिभाग, प्रमाण पत्र एवं बैग पाकर खुश हुए किसान

▶▶सीआरएम योजना के तहत केवीके में हुआ दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण

▶▶किसानों को फसल अवशेष के लाभ एवं उसे जलाने से होने वाली गंभीर हानियों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर किसानों को लाभान्वित किया

तेजयुग न्यूज

मथुरा। अन्नदाता देश के विकास का आधार हैं। किसानों, पशुपालकों के बगैर देश विकास संभव नहीं है। ये उदगार वेटरनरी विवि के निदेशक प्रसार डा अतुल सक्सेना ने व्यक्त किए।

वो बुधवार को वेटरनरी विवि के कुलपति प्रो डा एके श्रीवास्वत एवं कृषि प्रौधोगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान कानपुर के दिशा निर्देशन में केवीके सभागार में फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अन्तर्गत आयोजित दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि अन्नदाताओं की सेवा में वेटरनरी विवि एवं कृषि विज्ञान केन्द्र दोनो सदैव तत्पर रहते हैं। उनकी हर समस्या का निदान

त्वरित होता है। किसानों को फसल अवशेष के लाभ एवं उसे जलाने से होने वाली गंभीर हानियों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर किसानों को लाभान्वित किया। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी डा वाईके शर्मा ने पराली के विभिन्न उपयोगों साथ-साथ किसानों को खेती की नवीनतम तकनीकी जानकारी देकर लाभान्वित किया। उप कृषि निदेशक राम कुमार माथुर ने सरकार द्वारा संचालित सभी लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से लाभ उठाने की अपील की।

उद्यान वैज्ञानिक डा. बृज मोहन ने फल, सब्जियों के अवशेषों तथा उद्यान में होने वाली नवीनतम तकनीकी की उपयोगिता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। मृदा वैज्ञानिक डा. रविन्द्र कुमार राजपूत ने कहा कि अन्नदाताओं के लिए फसलों के अवशेष अमृत की तरह हैं। इनको किसी तरह खेतों में जलाने का प्रयास कतई न करें। बल्कि फसलों के अवशेषों को खेतों में मिलाकर खेती की उर्वरता, भौतिक एवं रासायनिक दशा में सुधार करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक प्रसार डा अतुल सक्सेना ने की तथा संचालन डा बृज मोहन ने किया। प्रशिक्षण समापन पर सभी किसानों को प्रमाण पत्र एवं एक-एक बैग देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गोंविद कुमार गुप्ता, अनिल कुलश्रेष्ठ, एफसीए जितेन्द्र सिंह, चन्द्रशेखर शर्मा, प्रताप सिंह, राधारमन, अरविंद, कमल सिंह, भगवान सिंह, रमेश चंद सहित सैकडों किसान मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

विकासखंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत में दो नवनिर्मित गौशालाओं का हुआ लोकार्पण

मिल्कीपुर/अयोध्या : विकासखंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत सारी एवं मजनाई में नवनिर्मित गौशालाओं लोकार्पण किया गया। मिल्कीपुर प्रथम के जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा ने सारी गौशाला का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर 50 पशुओं की क्षमता वाली इस गौशाला में चार अन्ना पशुओं को प्रवेश कराया गया और मुख्य अतिथि ने गायों को हरा चारा भी खिलाया। लोकार्पण कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, ग्राम प्रधान नियाज अहमद, ग्राम पंचायत अधिकारी आदित्य कुमार, अजीत मौर्य, ऐडवोकेट मुजीबुर्रहमान, सत्य प्रकाश सिंह, अमित कुमार आदि मौजूद रहे। इसके आलावा ग्राम पंचायत मजनाई में 100 पशुओं की क्षमता वाली गौशाला का लोकार्पण एडीओ सहकारिता शिवबरन ने किया। यहां ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कैलाश जायसवाल,ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राहुल कुमार, हरगोविंद वर्मा, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत भदोखरा में नव निर्मित राजकीय नलकूप का विधायक पुत्र ने किया उद्घाटन

मिल्कीपुर/अयोध्या : विकासखंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत भदोखरा में नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित नवीन राजकीय नलकूप का उद्घाटन किया गया। मिल्कीपुर से विधायक अवधेश प्रसाद के पुत्र अमित प्रसाद ने भदोखरा गांव में पहुंचकर नलकूप का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के मौके पर विधायक पुत्र ने नलकूप का बटन दबाकर उसे चालू किया। नलकूप से पानी निकलते ही ग्राम वीडियो में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अमित प्रसाद ने कहा कि मिल्कीपुर विधायक एवं समाजवादी पार्टी से सांसद प्रत्याशी अवधेश प्रसाद जी की विकासवादी सोच के कारण यहां नया नलकूप लगवाया गया है। उन्होंने इस गांव के किसानों की समस्या को देखते हुए यह नलकूप लगवाया है। कहा कि विधायक व सपा सांसद प्रत्याशी अवधेश प्रसाद का मानना है कि यदि किसान खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा और देश की तरक्की होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नलकूप विभाग के सहायक अभियंता नींबू लाल, अवर अभियंता मनोज कुमार, राहुल सिंह, भदोखरा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामकुमार यादव, लालू प्रसाद यादव, पूर्व प्रधान विक्रमन राजकुमार यादव, अवधेश यादव, सुजीत यादव, राकेश तिवारी, अखिलेश यादव, राजबली यादव, सेवरा प्रधान रविंद्र यादव, राम अवध, ठेकेदार राजेश यादव, अमीन शिव बहादुर, नलकूप ऑपरेटर धर्मेंद्र यादव, हेड मिस्त्री अजय तिवारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

घटिया भवन निर्माण में आख्या रिपोर्ट पर दुबारा हो रही जांच

शिक्षा विभाग लीपापोती कर जिम्मेदारों को बचाने में जुटा

तेजयुग न्यूज

अयोध्या : सोहावल खंड शिक्षा क्षेत्र के परिषदीय कंपोजिट विद्यालय पूर्व माध्यमिक अगेथुवा व साधु का पुरवा में कराए गए घटिया भवन निर्माण के कारण मानक से पहले जर्जर घोषित हुए भवनों से जुड़े मामले के जिम्मेदारों को लीपापोती कर विभाग बचाने में जुटा है। महीनो पहले कार्यवाही के लिए जिला समन्वयक निर्माण के द्वारा दी गई जांच आख्या की भी अब जांच बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी है जिनकी रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही होगी।

बता दे दोनो विद्यालयो में चार, चार कमरों का सेट वर्ष 2010 के दौरान बनवाने का काम साधुपुरवा के एक शिक्षक को मिला था। निर्माण इतना घटिया कराया गया कि साधु पुरवा का भवन 2022 में ही जर्जर घोषित करा ग्राम प्रधान ने छत तक तोडवा दिया। दूसरे विद्यालय अगेथुवा के भवन को जर्जर घोषित कर विभाग

ने प्रतिबंधित कर रक्खा है। दोनो विद्यालय के लगभग 200 बच्चे खुले आसमान के नीचे पढ़ाए जा रहे है। इसकी शिकायत हुई तो जांच हुई। कार्यवाही के लिए आख्या निर्माण के जिला समन्वयक जी एस पांडेय ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौप दिया है। मामले में कार्यदायी संस्था व विभागीय कर्मचारियों को बचाने में विभाग के लोग जुट गया है। लीपापोती के लिए जांच आख्या की भी जांच की जिम्मेदारी अब बी एस ए ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी है जिनकी रिपोर्ट का अभी इंतजार है जो महीना भर बाद भी विभाग को नही मिली है।

इस सम्बंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार राय ने बताया कि दोषी व जिम्मेदार को बक्सा नही जायेगा। जिला निर्माण समन्वयक की जांच आख्या का वेरी फिकेसन कराना जरूरी था इस लिए मेरे द्वारा फिर से जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को मामला सौंपा गया है।

घर से काम पर जाने को निकला युवक लापता गुमशुदगी दर्ज

मिल्कीपुर-अयोध्या : जनपद के थाना इनायत नगर के चौकी क्षेत्र बारुन बाजार अंतर्गत ग्राम देवरिया पूरे नौहड़िया बारुन बाजार निवासी रामसेवक (30) पुत्र सहदेव की गुमशुदगी रिपोर्ट स्थानीय थाने पर दर्ज हुई है।प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि युवक रामसेवक मानसिक रूप से कमजोर था जो 5 दिन पहले अपने घर से काम पर जाने की बात कह कर निकाला था और फिर वापस घर नहीं पहुंचा। लापता युवक के बड़े भाई राधेश्याम की तहरीर पर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज की गई है और लापता युवक की खोजबीन की जा रही है।

खड्डा : होली, माह ए रमजान त्योहार को लेकर थाने में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

एसडीएम ऋषभ पुण्डीर ने लोगों से शांति एवं सौहार्द के वातावरण में त्योहार मनाने की किया अपील

तेजयुग न्यूज

खड्डा, कुशीनगर। आगामी त्योहार होलिका दहन, होली, माह ए रमजान एवं आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत थाना क्षेत्र खड्डा में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए खड्डा थाना परिसर में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपजिलाधिकारी ऋषभ पुण्डीर एवं क्षेत्राधिकारी खड्डा उमेश चन्द्र भट्ट शामिल रहे।

पीस कमेटी की बैठक में उपजिलाधिकारी ऋषभ पुण्डीर एवं क्षेत्राधिकारी उमेश चन्द्र भट्ट ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों सहित उपस्थित लोगों को अवगत कराया कि आने वाले दिनों के त्योहार शान्तिप्रिय ढंग से मनाएं। होली एवं रमजान का त्योहार आपसी भाईचारे का संदेश देता है इससे लोगों को सीख लेनी चाहिए। प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय ने उपस्थित लोगों से कहा कि आसन्न लोकसभा चुनाव, होली एवं रमजान एवं सीसीए कानून को लेकर पुलिस सतर्क है। पुलिस सभी गतिविधियों पर नजर रखेगी। समाज के लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। कोई भी समस्या उत्पन्न हो तो पुलिस को सूचना करें। नगर अथवा ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी किसी भी व्यक्ति द्वारा अफवाह फैलाने अथवा अराजकता करने की कोशिश की जाएगी तो उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दुर्गेश्वर वर्मा, मण्डल अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष प्रधान संघ संग्राम सिंह यादव, एसएसआई अखिलेश यादव, एसआई ओम प्रकाश यादव, एसआई रणजीत तिवारी, शशांक राय, सभासद विनोद यादव प्रदीप सिंह, राजेश्वर सिंह, प्रधान यशवंत कुशवाहा, रामप्यारे कुशवाहा, शिब्बन मद्धेशिया, राजकुमार साहनी, मोतीलाल गुप्ता, संजय गुप्ता, दिलीप भारती, किशोर यादव, अमरचंद मद्धेशिया, प्रिंस मद्धेशिया, आनंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में फूंका जीत का मंत्र

तेजयुग न्यूज

खड्डा, कुशीनगर। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर खड्डा नगर के बैंक रेड़ स्थित भाजपा कार्यालय पर बुधवार को विधानसभा स्तरीय चुनाव संचालन समिति की बैठक की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, लोकसभा चुनाव संयोजक अवधेश प्रताप सिंह, विधायक विवेकानंद पाण्डेय ने चुनाव संचालन समिति के पदाधिकारियों को चुनावी मंत्र फूंका। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि विधानसभा स्तरीय पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ये चुनाव भारत को 2047 तक विकसित भारत की नींव रखने, दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने जाति व पंथ विहीन समाज खड़ा करने और प्रत्येक क्षेत्र में विश्व का सिरमौर बनाने के लिए है। उन्होंने तय जिम्मेदारियों को सभी से निष्ठा पूर्वक निर्वहन कर 400 पार के नारे को साकार करने का आह्वान किया। विधायक विवेकानंद पाण्डेय ने कहा कि कार्यकताओं के मेहनत और परिश्रम के बल पर इस बार लोकसभा चुनाव को स्क्रॉर्ड मतों से जितेंगे। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि दुर्गेश्वर वर्मा, प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव, राम अधार, राजभर, मनोज जायसवाल, विजय लक्ष्मी मिश्रा, आलोक तिवारी, विधानसभा सभा संयोजक बृजेश मिश्रा, चन्द्र प्रकाश तिवारी, हरिगोविंद रौनियार, सूरज गोविन्द राव, द्विग्विजय शर्मा, राजेश्वर सिंह, विजय आदि मौजूद रहे।